TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

30 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

काम आरंभ करने में देर न करो और अगर काम शुरू कर दिया है तो उसे पूरा करके ही छोड़ो ।

विनोबा भावे



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

30 अगस्त

मधु प्रिया

## रदरफोर्ड का जन्म 30 अगस्त



अर्नेस्ट रदरफोर्ड का जन्म 30 अगस्त 1871 को न्यूजीलैंड में हुआ था। अपनी अधिकतम उम्र रासायनिक प्रयोगों में गुजारने वाले वैज्ञानिक माइकल फराडे के बाद दूसरे स्थान पर अर्नेस्ट रदरफोर्ड का ही नाम आता है। भौतिक विज्ञान में अपने योग्यताओं के चलते 1894 में रदरफोर्ड को प्रसिद्ध भौतिक भौतिक विज्ञानी सर जे.जे थॉमसन के अधीन शोध करने का मौका मिला इसके लिए उन्हें छात्रवृत्ति भी मिली। 1898 में कनाडा के मैकगिल विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर रहे और 1907 में इंग्लैंड मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में भौतिकी के व्याख्याता। 1919 में थॉमसन की मृत्यु के बाद कैंब्रिज विश्वविद्यालय में अर्नेस्ट रदरफोर्ड ही भौतिकी के प्राध्यापक और निर्देशक बने। भौतिक रसायन के लगभग सभी प्रयोग में उपयोग होने वाली अल्फा, बीटा और गामा किरणों के बीच अंतर बताने वाले वैज्ञानिक अर्नेस्ट रदरफोर्ड ही थे। नाभिकीय भौतिकी में योगदान के लिए 1908 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अर्नेस्ट रदरफोर्ड के परमाणु संरचना के सिद्धांत से पहले पदार्थों में परमाणु की उपस्थिति का पता तो चल सका था, किंतु परमाणु के बारे में जो जानकारी थी उसे आगे गति दी अर्नेस्ट रदरफोर्ड के किए प्रयोगों ने। सालों पहले महर्षि कणाद ने यह बता दिया था कि प्रत्येक पदार्थ बहुत छोटे-छोटे कणों से मिलकर बना है। 1808 में ब्रिटेन के भौतिक विज्ञानी जॉन डाल्टन ने अपने प्रयोगों के आधार पर बताया कि पदार्थ जिन अविभाज्य कणों से मिलकर बना है उन्हें परमाणु कहते हैं। इन परमाणुओं का स्वतंत्र अस्तित्व संभव है। परमाणु के अंदर की संरचना जानने के लिए 1911 में उन्होंने एक प्रयोग किया जिसमें उन्होंने निर्वात में स्क्रीन के सामने रखी एक पतली स्वर्ण पन्नी में से कुछ अल्फा किरणों को गुजारा। उनकी मृत्यु 19 अक्टूबर 1937 को हुई।

# जयंती विशेष 30 अगस्त



## श्री भगवती चरण वर्मा

**30 August 1903 – 5 October 1981**

पदमभूषण और साहित्य अकादमी
पुरुस्कार से सम्मानित
हिंदी जगत के प्रमुख साहित्यकार
श्री भगवतीचरण वर्मा जी की
जयंती पर शत शत नमन

**भगवतीचरण वर्मा** *Bhagwaticharan Verma*, जन्म- 30 अगस्त, 1903, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 5 अक्टूबर, 1981) हिन्दी जगत् के प्रमुख साहित्यकार थे। उन्होंने लेखन तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में ही प्रमुख रूप से कार्य किया। कवि के रूप में भगवतीचरण वर्मा के रेडियो रूपक 'महाकाल', 'कर्ण' और 'द्रोपदी'- जो 1956 ई. में 'त्रिपथगा' के नाम से एक संकलन के आकार में प्रकाशित हुए, उनकी विशिष्ट कृतियाँ हैं। यद्यपि उनकी प्रसिद्ध कविता 'भैंसागाड़ी' का आधुनिक हिन्दी कविता के इतिहास में अपना महत्त्व है।

# वाशिंग सोडा

## अम्ल, क्षार और लवण    विषय - विज्ञान    कक्षा 10

- सामान्य नाम : धोने वाला सोडा
- रासायनिक नाम : सोडियम कार्बोनेट डेकाहाइड्रेट
- रासायनिक सूत्र : $Na_2CO_3 . 10\ H_2O$

- जब हम बेकिंग सोडा को गर्म करते हैं तो हमें सोडियम कार्बोनेट प्राप्त होता है। सोडियम कार्बोनेट के पुन: क्रिस्टलीकरण से धोने वाला सोडा प्राप्त होता है।

$$2NaHCO_3 \xrightarrow{Heat} Na_2CO_3 + H_2O + CO_2$$

सोडियम बाईकार्बोनेट    सोडियम कार्बोनेट

$$Na_2CO_3 + 10H_2O \rightarrow Na_2CO_3.10H_2O$$

(Sodium carbonate)

## वाशिंग सोडा का उपयोग

1. काँच, साबुन एवं कागज़ बनाने में
2. कपड़े धोने में
3. जल की स्थाई कठोरता को हटाने में

# MATH TLM

16 Class-6to8

## अपवर्त्य (गुणज) Multiple

यदि कोई प्राकृत संख्या किसी दूसरी प्राकृत संख्या से पूर्णतः विभाज्य हो तो पहली संख्या को दूसरी संख्या का अपवर्त्य कहते हैं।

जैसे - 7 के अपवर्त्य हैं 7,14,21,28,35.....
12के अपवर्त्य हैं 12,24,36,48,60.....

- प्रत्येक प्राकृत संख्या स्वयं का एक अपवर्त्य है।
- किसी प्राकृत संख्या के अपवर्त्य की गिनती करना संभव नहीं है।

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माहः August 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 02.08.2025 | बाढ़ से खतरे एवं डूबने से बचाव के उपाय, कौशल विकास एवं अभ्यास ( मॉकड्रिल ) |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 09.08.2025 | पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं इसके उपाय के बारे में जानकारी |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 16.08.2025 | सांप, बिच्छू दंश एवं अन्य विषैले जीव जंतुओं के काटने से होने वाली परेशानियां एवं उनके समाधान। कुत्ते एवं बंदर का काटना एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी। |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 23.08.2025 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी |









**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

## शैक्षणिक सत्र

## 2025 – 26





### थीम

| | |
|---|---|
| 31 मई | पढेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम |
| 28 जून | उपस्थिति और सरकारी योजनाएं |
| 26 जुलाई | व्यावसायिक कौशल और स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण |
| 30 अगस्त | खेलो और सीखो |
| 27 सितंबर | निपुण बनेगा बिहार हमारा |
| 29 नवंबर | हर बच्चा होगा अब स्कूल का हिस्सा |
| 24 दिसम्बर | हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा |
| 31 जनवरी | हम और आप मिल कर करेंगे बच्चों का समग्र विकास |
| 28 फरवरी | परीक्षा की तैयारी हमारी जिम्मेदारी |

राकेश कुमार





# भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की दावेदारी करेगा

भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (IOA) ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं।

कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले महीने कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के डायरेक्टर डैरेन हॉल की लीडरशिप में एक टीम ने अहमदाबाद में मौजूद आयोजन स्थलों का दौरा किया था।

साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट वह संस्था है जो किसी देश को मेजबानी देने का फैसला करती है।

 राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **30.08.2025**

## मूल्य शिक्षा

मूल्य शिक्षा एक शैक्षिक प्रक्रिया है जिसका लक्ष्य व्यक्तियों में नैतिक मूल्यों, मानकों और स्वभावों को विकसित करना है, जिससे वे सही और गलत को समझ सकें, जिम्मेदार नागरिक बन सकें, और एक अधिक मानवीय और सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण कर सकें। यह केवल किताबी ज्ञान से परे जाकर करुणा, ईमानदारी, सहिष्णुता, सम्मान और जिम्मेदारी जैसे गुणों को सिखाने पर केंद्रित होती है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास और भावनात्मक बुद्धिमत्ता में सहायक होते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



दुनिया का सबसे विनाशकारी परमाणु बम रूस के पास है, जिसे Tsar Bomb कहा जाता है। यह हिरोशिमा पर गिराए गए बम से 3333 गुना ज्यादा ताकतवर है और 1000 किलोमीटर के दायरे की हर चीज़ को पलभर में राख में बदल सकता है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### करेला



मुझमें vit.A ,B, C, आयरन, ज़िंक, पोटैशियम, कैरोटिन, मैग्नीशियम और मैंगनीज पाया जाता है।

Anu priya

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings.

Break



तोड़ना


Brake




ब्रेक

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya


पद्य पंकज
विपदाओं से मुझे बचाना
ये नहीं प्रार्थना मेरी
विपदाओं में न होऊं भयभीत
जब दुखी हूं,चित्त व्यथित हो
न भी दो सांत्वना
दुखों को बस कर पाऊं जय मैं
सहाय अगर जो कभी न जुटे
बल न मेरा फिर भी टूटे
क्षति जो घटे जगत में
लायेगी केवल वंचना
अपने मन में न मानूं कोई क्षय।
रविन्द्र नाथ टैगोर
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


30 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अपने हुनर से सफलता की ऊंचाइयों को छूने का मार्ग है लघु उद्योग।
सभी मेहनती व हुनरबाज साथियों को
लघु उद्योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org